हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 6 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 000 डिग्री
न्यूनतम 000 डिग्री

11 धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाला आरोपी...

12 नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व की हुई शुरूआत




## खबर संक्षेप

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 1 दिसंबर को

**धमतरी।** धमतरी मंडल देवांगन समाज द्वारा 7 नवंबर गुरुवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। जगदीशचंद्र देवांगन धमतरी मंडल अध्यक्ष ने बताया कि यह सम्मेलन अब 1 दिसंबर रविवार को होगा।

### पोटियाडीह में मड़ई मेला 7 को

**आमदी(धमतरी)।** ग्राम पोटियाडीह में ग्रामवासियों एवं ग्राम विकास समिति द्वारा 7 नवंबर गुरुवार को बाजार चौक में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में जय मां शीतला मां के ममता ग्राम चिखली (बांधाबाजार) अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी बाजार ठेकेदार मनोज देवांगन ने दी है।

### मल्हारी में फूल मड़ई 8 को

**नगरी।** सिहावा अंचल की प्रथम फूल मड़ई मल्हारी में 8 नवंबर शुक्रवार को होगी। श्री ठाकुरदेव युवा समिति मल्हारी के अध्यक्ष पुष्कर कश्यप ने बताया कि अंचलवासियों के मनोरंजन हेतु रात्रि 9 बजे से मोर छैला बस्तरिया छत्तीसगढ़ी लोककला का मंचन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा होंगे। विशेष अतिथि हुलास राम सोम वरिष्ठ नागरिक, विशिष्ट अतिथि विद्याबाई सोम सरपंच मल्हारी, हुमित लिमजा जनपद उपाध्यक्ष नगरी, अकबर कश्यप अध्यक्ष भाजपा बेलर मण्डल अध्यक्ष, मोहन पुजारी उपाध्यक्ष बेलर मण्डल, वेदराम साहू उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी होंगे।



### सिकासेर दल के 40 हाथी अरसीकन्हार में विचरण कर रहे

**नगरी।** सिकासेर दल के लगभग 40 हाथी कक्ष क्र. 217 परिक्षेत्र मौहाबाहरा परिक्षेत्र अरसीकन्हार में विचरण कर रहे हैं। 5 नवंबर की सुबह हाथी दल को देखा गया। ये हाथी दो दिन से आसपास विचरण कर रहे हैं। इसकी निगरानी में वन विभाग की टीम जुटी है। फसल व जन हानि की खबर नहीं है। मकान को क्षति नहीं पहुंची है। वर्तमान में हाथियों का लोकेशन कक्ष क्र. 217 परिक्षेत्र मौहाबाहरा परिक्षेत्र अरसीकान्हार में है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए ग्राम भीरागांव, महुआबहरा, लीलांज, ठोठाझरिया,गहनासियार, फरसगांव के ग्रामीणों का अलर्ट किया गया है। ट्रेकिंग दल में देवीराम, सोहन निषाद, वनरक्षक्र संतराम, हाथी ट्रेकर सुरेंद्र, योगेश वाहन चालक शामिल हैं।

राज्योत्सव पर मनमोहक झांकियां देखने उमड़ी भीड़, देर रात तक चला कार्यक्रम, प्रकाश अवस्थी ने बांधा समां

# दूसरे प्रदेश में रहकर हमें सिर्फ उपेक्षा ही मिली : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हम छत्तीसगढ़ का नाम 14 शताब्दी से ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ बना 24 साल पहले। इससे पहले हम दूसरे प्रदेश में रह रहे थे। दूसरे प्रदेश में रहकर छत्तीसगढ़ को सिफ क्षेत्रीय असंतुलन मिला। मात्र 24 साल में छत्तीसगढ़ ने विकास के कई सोपान तय किए। जब राज्य की स्थापना हुई, तब यहां पर सिर्फ एक मेडिकल कॉलेज था, जिसमें मात्र 150 सीट थी। आज 1500 से ज्यादा सीटें हैं। प्रदेश के सभी जिलों में हमने तकनीकी शिक्षा भेजी। सड़कों का जाल बिछाया। आज जितनी देर में हम जगदलपुर पहुंचते हैं, उससे एक घंटे अधिक में अंबिकापुर पहुंच जाते हैं। यह बातें कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कही।

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस को सेलिब्रेट करते हुए जिले में मंगलवार को राज्योत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर थे। शाम 6 बजे वे कार्यक्रम में पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। इसके बाद मंच में दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के साथ दो और राज्य बने, झारखंड और उत्तराखंड। इन राज्यों को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए खूब आंदोलन हुए। स्वतंत्र भारत के इतिहास में छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है, जिसे बनाने के लिए किसी प्रकार के आंदोलन की जरूरत नहीं पड़ी। यहां के लोगों ने राज्य की मांग रखी थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी ने छत्तीसगढ़ वासियों की भावनाओं को समझते हुए राज्य का उपहार दिया। अटल जी के सपनों का छत्तीसगढ़ बन रहा है। वंदे भारत योजना के तहत सड़क धमतरी से होकर गुजर रही है। आने वाले दिनों में विशाखापट्टनम धमतरी का निकटतम बंदरगाह होगा, जहां पर हम 5 घंटे में पहुंच पाएंगे। बड़ी रेललाइन पर काम चल रहा है। सिंचाई का साधन जो मात्र 15 प्रतिशत था, अब 40 प्रतिशत से ज्यादा है। आजादी के 100 साल पूरे होने पर देश अलग ही स्वरूप में होगा। छत्तीसगढ़ से जो जुड़े हैं, उनके लिए राज्य स्थापना दिवस गर्व का दिन है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि हम जो छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की खुशी मना रहे हैं, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की देन है। उन्होंने कहा था कि छत्तीसगढ़ से 11 के 11 सांसद देने पर वे इसे राज्य का दर्जा देंगे। 9 सांसद मिलने के बाद भी उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि हमने बनाया हम ही सवारेंगे। इस संकल्प को हम पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों से लेकर युवाओं तक सभी के लिए योजनाएं चल रही हैं। ज़िला पंचायत सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र रोहरा, पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, हर्षद मेहता, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला, विजय मोटवानी, एडीएम जीआर मरकाम पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, वनमंडलाधिकारी कृष्ण जाधव, एसडीएम पवन कुमार, तहसीलदार सूरज बंछोर, जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले सहित अन्य लोग उपस्थित थे।






### दोपहर से लग गई थी दर्शकों की भीड़

स्टालों को देखने के लिए दोपहर से स्कूली छात्रों और लोगों की भीड़ लग लगनी शुरू हो गई थी। पशुपालन विभाग और कृषि विभाग की प्रश्नोत्तरी लोगों को खूब रास आ रही थी। प्रश्नोत्तरी में सही जवाब देने वालों को पुरस्कार भी दिया जा रहा था। कार्यक्रम देर रात तक चला। दोपहर से शाम तक स्कूल छात्र-छात्राओं और विभिन्न संगठनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। अंत में प्रकाश अवस्थी नाइट का आयोजन हुआ।

### प्रदर्शनी ने मन मोह लिया





राज्योत्सव पर 30 शासकीय विभागों ने प्रदर्शनी लगाई थी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा तीरांदाजी, कुश्ती सहित अन्य खेलों का लाइव प्रदर्शन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र ने मखाना, सिंघाड़ा, ढेंस की खेती का प्रदर्शन किया। परिवहन विभाग के स्टाल में लोगों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। सबसे खास पुलिस विभाग की प्रदर्शनी थी, जहां पर एके 47 से लेकर एचई 36 हैंडग्रेनेट तक 15 प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन किया गया। क्रेडा द्वारा वनांचल में सोलर बिजली सयंत्र, खादी ग्रामोद्योग द्वारा विभिन्न प्रकार के रेशम कोकून, आदिवासी विकास विभाग द्वारा पारंपरिक गहने, वाद्ययंत्र आदि की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

# युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

- भखारा पुलिस की कार्रवाई : हंचलपुर में मातर मड़ई के दौरान हुई थी चाकूबाजी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गांव में आयोजित मातर मड़ई के दौरान एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गोवर्धन पूजा के दूसरे दिन ग्राम हंचलपुर थाना भखारा में मातर मड़ई का आयोजन किया गया था। गांव के दीपांशु साहू उर्फ राजा पिता विरेंद्र उम्र 19 वर्ष रविवार की शाम अपने साथी देवेंद्र रघुवंशी के साथ मातर मड़ई देखने गांव के शीतला चौक मेन रोड के पास गया था। मातर महोत्सव में शामिल होने मनीष ध्रुव पिता डोमन उम्र 24 वर्ष ग्राम बासीन राजिम, ओमन ध्रुव पिता झनकराम 20 वर्ष ग्राम छछानपैरी रायपुर निवासी अपने एक नाबालिग साथी के साथ अपने रिश्तेदार के घर हंचलपुर आए थे। वे तीनों मातर मड़ई घूम रहे थे। इसी दौरान मातर स्थल पर किसी बात को लेकर तीनों ने देवेंद्र से झगड़ा करना शुरु कर दिया। यह देख दीपांशु ने अपने दोस्त को गाली गलौज करने से मना किया। इतने में तीनों आरोपियों ने जेब से धारदार चाकू निकालकर दीपांशु के पेट, पसली, सीना व पीठ में ताबड़तोड़ हमलाकर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। चाकू के हमले से लहूलुहान दीपांशु को गांव के चंद्रकांत व अन्य लोगों ने तत्काल कार से उपचार के लिए धमतरी मसीही अस्पताल में भर्ती कराया।

घायल युवक के बयान लेने के बाद पुलिस ने आरोपी मनीष ध्रुव, ओमन ध्रुव व नाबालिग के खिलाफ धारा 109/1, 3/5 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर विवेचना शुरु कर दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए भखारा पुलिस तत्काल कार्रवाई कर आरोपी मनीष ध्रुव, ओमन ध्रुव व उनके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।





# इंडोर स्टेडियम में चाकू लहराते युवक पकड़ाया

- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम में बटंची चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सिटी कोतवाली पुलिस शहर की पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान कचहरी चौक के पास पेट्रोलिंग पार्टी को मुखबिर से आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम के पास धारदार बटंची चाकू लेकर लहराने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। यहां एक युवक धारदार चाकू लहरा रहा था। इससे आने-जाने वाले लोग भयभीत हो रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़कर पूछताछ की। युवक ने अपना नाम मोहम्मद अबरार उर्फ रेहान पिता मोहम्मद मुमताज उम्र 19 वर्ष अधारी नवागांव निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू जब्त कर उसके खिलाफ कोतवाली में आर्म्स एक्ट 25 1-ख के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी मोहम्मद अबरार उर्फ रेहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



केरेगांव पुलिस ने की कार्रवाई

# जिलाबदर निगरानी बदमाश वापस पहुंचा, हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिलाबदर किए जाने के बाद भी निगरानी बदमाश वापस जिले में आकर घूम रहा था, जिसे केरेगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जिला दण्डाधिकारी व कलेक्टर ने एसपी की अनुशंसा पर आदतन अपराधी निगरानी बदमाश मनीष साहू उर्फ मनी रोकड़ा के खिलाफ बीते दिनों जिलाबदर की कार्रवाई की थी। जिसके तहत निगरानी बदमाश मनी रोकड़ा को जिले की सीमाओं से दूर रहना था। लेकिन जिलाबदर किये जाने के बाद भी वह जिले में घूम रहा था। मुखबिर से केरेगांव पुलिस को सूचना मिली कि सिटी कोतवाली क्षेत्र का जिलाबदर निगरानी मनीष साहू उर्फ मनी रोकड़ा पिता चेतन लाल उम्र 22 वर्ष देवांगन चौक हटकेशर निवासी केरेगांव थाना क्षेत्र में बिना अनुमति के ग्राम साल्हेभाठ में घूम रहा है। सूचना पर केरेगांव की पेट्रोलिंग पार्टी ने तत्काल साल्हेभाठ पहुंच घेराबंदी कर निगरानी बदमाश को पकड़ा। निगरानी बदमाश के पास धमतरी जिला में प्रवेश करने संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं था। केरेगांव पुलिस ने आरोपी मनी रोकड़ा को धारा 223 बीएनएस एवं छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-15 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमाण्ड के लिये पेश किया। ज्ञात हो कि उक्त निगरानी बदमाश को 21 अक्टूबर को जिलाबदर किया गया था।

इस कार्रवाई में केरेगांव थाना प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह, प्रआ डिकेश सिन्हा, आरक्षक राजू भारद्वाज, जितेन्द्र ठाकुर सहित स्टाफ का योगदान रहा।




# सड़क हादसे में तीन सोसाइटी कर्मचारी घायल

- भोयना के पास हुआ हादसा
- हड़ताल में शामिल होने गरियाबंद से धमतरी आ रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गांधी मैदान में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होने धमतरी आ रहे गरियाबंद जिले के तीन सोसाइटी कर्मचारी सड़क हादसे में घायल हो गये। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार छग सहकारी समिति कर्मचारी संघ की अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रदेशभर में चल रही है। संघ के कर्मचारी धमतरी के गांधी मैदान में संभागस्तरीय धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें आसपास जिले के सोसाइटी कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को गरियाबंद जिले के नागाबुड़ा सोसाइटी के विक्रेता नारायण जाधव पिता कृष्णकुमार 28 वर्ष व दैनिक कर्मचारी यशकुमार ध्रुव 34 वर्ष, उमेश पिता दुकालूराम मोटरसाइकिल में सवार होकर नगरी मार्ग से होते हुए धमतरी आ रहे थे। इसी दौरान धमतरी से भोयना की पेट्रोल पंप की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 डीएक्स 1166 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए रांग साइड में जाकर सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में एक कर्मचारी के चेहरे पर चोट आई है, वहीं दो कर्मचारियों का पैर फ्रेक्चर हो गया है। हादसे में कार के सामने का हिस्सा व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। घायलों को कुकरेल लोकेशन की संजीवनी 108 से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां घायलों को प्राथमिक उपचार किया गया। तत्पश्चात वार्ड में भर्ती कर घायलों का इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद कार चालक भी घायलों के साथ अस्पताल आया था।





आसपास के गांव के देवी-देवता, डांग डोरी, सिरहा, गायता पुजारी भी आयेंगे

# गंगरेल में 8 को देव मड़ई, 52 गांवों के देवविग्रह होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम गंगरेल स्थित मां अंगारमोती परिसर में परम्परागत ढंग से 8 नवंबर शुक्रवार को देव मड़ई का आयोजन किया गया है। इस मड़ई की खास बात यह है कि प्रतिवर्ष दीपावली त्योहार के बाद पहले शुक्रवार को यह आयोजन है। इसमें आसपास के 52 गांवों के देवी देवता, देव विग्रह, डांग डोरी, सिरहा, गायता पुजारी आदि शामिल होते हैं। इनको बकायदा आमंत्रित किया जाता है। इस देव मड़ई को देखने हजारों लोग पहुंचते हैं। मड़ई की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मां अंगारमोती परिसर स्थित सभाकक्ष में ट्रस्ट की बैठक हुई। विभिन्न विषयों पर विचार कर व्यवस्था संचालन की जिम्मेदारी दी गई।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि मां अंगारमोती वनदेवी हैं, जिसे गोड़ जाति की कुलदेवी कहा जाता है। व्यवस्था बनाए रखने 50 की संख्या में कमेटी बनाई गई है। माता के दरबार में सुबह 7 बजे से भक्तों का आना शुरु हो जाएगा। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए युवक एवं युवतियों की टीम बनाई गई है। मंदिर प्रांगण में परण पड़ने के समय भीड़ अधिक रहती है। इसे सुव्यवस्थित रखने वालंटियर बनाया गया है। भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया है।

दोपहर 3 बजे माताजी आसन से बिहाने के लिए निकलेगी जिसमें भक्तों को नियंत्रित करने अलग से टीम बनाई गई है जो बिहाने तक सहयोग करेगी। 52 गांवों के देवी-देवता, पुजारी का सम्मान व भोजन की व्यवस्था के लिए टीम गठित की गई है। 9 अक्टूबर को हरदानी का कार्यक्रम होगा, जिसमें युवक-युवतियों की टीम बनाई गई है। सभी आगंतुकों, अतिथियों के स्वागत सत्कार के लिए अलग से जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में ओंकार नेताम, हुलार सिंह, अर्जुन कोर्राम, नंदा ध्रुव, गीता नेताम, सुदर्शन सिंह, ललित ठाकुर, नकुल सिंह, नारायण सिंह, आनंद ठाकुर, शिवचरण नेताम, कांति नाग, ईश्वर सिंह नेताम, तुकाराम, मरकाम, ढालुराम ध्रुव, जयलाल सिंह, बंटी मरकाम, युवराज मरकाम, राजेंद्र ध्रुव, दिग्विजय सिंह ध्रुव, मोती टेकाम, देवेंद्र नागवंशी, ठाकुराम नेताम, विश्राम सिंह, मनराखन सिंह, शशि ध्रुव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### तैयारियों को लेकर अंगारमोती परिसर में मंदिर ट्रस्ट की हुई बैठक





### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 नवम्बर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में होगी। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, दिवाली मिलन समारोह, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेशराव पवार, बलवंत राव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ. भारती राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने किया है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ का निर्माण अटलजी की देन : प्रीतम



■ छग स्थापना दिवस पर मंडल महामंत्री की प्रतिक्रिया

**धमतरी।** मंडल महामंत्री प्रीतम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ की स्थापना 1 नवंबर 2000 को हुई। छत्तीसगढ़ का नाम 36 प्राचीन किलों से लिया गया है। छत्तीसगढ़ की स्थापना के पीछे एक लंबी लड़ाई थी, जो 1920 के दशक से शुरू हुई थी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया था। यह फैसला वाजपेयी सरकार द्वारा वर्ष 2000 में लिया गया था। वाजपेयी की सरकार ने इस फैसले को लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इससे छत्तीसगढ़ को अलग पहचान मिली। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की बहुमत थी फिर भी अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। यह वाजपेयी जी की दूरदर्शिता और राजनीतिक सूझबूझ का भी प्रमाण है।

राहगीर जल संग्रहण के लिए बनाये गये एनीकट से कर रहे आवागमन

# प्रशासन ने नहीं बनाया वैकल्पिक मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड


21 सितंबर की अर्धरात्रि से मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद कर दिया गया है। रेत की अंधाधुंध खुदाई से पुल के टूटने तथा पिलर में दरार होने से पुल स्लैब सौ मीटर तक खराब हो गया है। मेघा महानदी पुल से अचानक आवागमन बंद होने से मगरलोड क्षेत्र के हजारों राहगीर भटक रहे हैं। डेढ़ माह बीतने ने के बाद भी प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया गया है। राहगीर जल संसाधन विभाग द्वारा जल संग्रहण के लिए बनाये गये एनीकट से आवागमन का रहे हैं। एनीकट मार्ग आम रास्ता नहीं है। राहगीर जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। 1 किमी लंबे संकरे मार्ग में शाम के समय चलना किसी खतरे से कम नहीं है। एनीकट पहुंच मार्ग पर पड़े पत्थर, बोल्डर से राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। मेघा महानदी पुल मगरलोड क्षेत्र को कुरूद, धमतरी, रायपुर जैसे बड़े शहरों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। सुबह से रात्रि 8 बजे तक मोटरसाइकिल, साइकिल सवार, पैदल यात्रियों का आना-जाना हो रहा है। रात्रि 8 बजे के बाद एनीकट से गुजरने में भय बन जाता है।

### इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कुरूद डीडी मंडावी ने कहा कि प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया है। यात्रीगणों ने स्वयं मार्ग अपनाया है। पुल निर्माण एवं रपटा निर्माण के लिए इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है। स्वीकृति पश्चात कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### एनीकट पर चारपहिया वाहन प्रतिबंध

मेघा महानदी पुल के खराब होने के बाद 21 सितंबर से एनीकट मार्ग पर चारपहिया वाहनों का आवागमन प्रतिबंध है। चारपहिया वाहन, स्कूल बस, चिकित्सा वाहन अन्य वाहन बड़ी करेली, खट्टी तथा बोरसी, छुही, सलोनी मार्ग से गुजर रहे हैं।



### व्यापारी एवं जनता को हो रहा आर्थिक नुकसान

मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद होने से मेघा, मगरलोड क्षेत्र के व्यापारियों एवं जनता को आर्थिक नुकसान हो रहा है। मेघा, मगरलोड क्षेत्र का व्यापार चौपट हो गया है। जनता को अधिक कीमत पर सामग्री खरीदनी पड़ रही है। मगरलोड से कुरूद सीधे मार्ग से मात्र 13 किमी है। किंतु अन्य मार्ग से चलने पर 42 से 45 किमी दूर सफर करने मजबूर है।

### पालक-बालक हो रहे परेशान

मगरलोड क्षेत्र के स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को कुरूद, धमतरी आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। पालकों को अपने बच्चों को स्कूल कॉलेज के लिए कठिन रास्ते से ले जाना पड़ता है। पालकों का कारोबार एवं बच्चों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। पढ़ाई से अधिक कठिन मार्ग से गुजरना हो रहा है।

### मंत्री का निर्देश बेअसर

17 अक्टूबर को प्रदेश के राजस्व एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री टंकराम वर्मा ने ग्राम करेली छोटी के आगमन पर आपदा मद से पुल के वैकल्पिक मार्ग बनाने के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा की थी। 22 दिन बीत जाने के बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया है। मंत्री जी का निर्देश बेअसर साबित हो रहा है।

### प्रशासनिक लापरवाही से जनता में आक्रोश

मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद हुए डेढ़ माह हो चुके हैं। जनता को हो रही परेशानी को लेकर उच्च अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौन है। क्षेत्रवासियों ने अतिशीघ्र वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग की है।

### सोसाइटियों को नुकसान की आशंका

राज्य शासन द्वारा 14 नवंबर से किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद होने से खरीदे जाने वाले धान का समय पर परिवहन नहीं होने से सोसाइटियों को नुकसान हो सकता है। अधिक समय तक धान के जाम होने से सूखत आने की संभावना है।

# शोकाकुल परिवार से मिला यादव समाज



■ बेलरगांव में तालाब में डूबने से मृत बच्चियों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम बेलरगांव के भूखर्रा तालाब में डूबने से यादव समाज की दो सगी बेटी के साथ आदिवासी समाज की एक बेटी की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ यादव समाज के डीके यादव के नेतृत्व में सर्वयादव समाज सिहावा क्षेत्र के पदाधिकारयों ने बेलरगांव पहुंचकर नम आंखों से तीन मृत बेटियों को श्रंद्धाजलि अर्पित की।

पदाधिकारयों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। कहा कि यह बेटी सिर्फ आपके परिवार की ही नहीं बल्कि पूरे सर्व समाज की बेटी थी। इनके निधन से परिवार, समाज एवं क्षेत्रवासियों को काफी पीड़ा पहुंची है। यादव समाज ने शासन प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग कार्रवाई से अवगत कराया। मौके पर मैनाबाई यादव, महेश्वरी यादव, धनु यादव, बरतनीन कोर्राम, दिनेश्वरी कोर्राम समेत डीके यादव युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, श्रवण यादव, चोखेलाल यादव, हिमांशु यादव, रामस्वरूप यादव, बोहरन यादव, नरेश यादव, संतराम यादव, अमृत यादव, कृष्ण यादव, गोविंद यादव, रामजी यादव, लादूराम यादव, गणेश यादव मौजूद थे।

## निधन

### सुरुजबाई यादव



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी श्रीमती सुरुजबाई यादव 60 वर्ष का निधन 4 नवम्बर सोमवार को हो गया। वे गुलाब यादव की पत्नी एवं उमेश यादव की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम डांडेसरा के शांति घाट में किया गया। मौके पर पुरानिक, भागवत, अशोक, सुनील, दीपेश, मंगलूराम, मदन, राकेश, टेकराम, मुकेश, नागेश्वर सहित समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### माखन साहू



**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी माखन साहू उम्र 55 वर्ष का आकस्मिक निधन 2 नवंबर शनिवार को गया। वे आशाबाई साहू के पति तथा नोहर साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### जयंती लाल गोलछा



**नगरी।** नगरी निवासी जयंती लाल गोलछा उम्र 58 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार शाम 4 बजे मुक्तिधाम नगरी में किया गया। मौके पर सोहनलाल, जीवनलाल, मांगीलाल, संजय कुमार, त्रिलोक गोलछा समेत बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

# वैज्ञानिक भानुप्रकाश ने बच्चों को किया मोटिवेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि सिलौटी में इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटोमिक रिसर्च कल्पकम (चेन्नई) के वैज्ञानिक भानुप्रकाश साहू का आगमन हुआ। उन्होंने बच्चों के बीच अपने अनुभव को साझा किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से बच्चों को मोटिवेट किया। बच्चों ने अनेक प्रश्न किए। उन्होंने बहुत ही सरलता के साथ सभी प्रश्नों के उत्तर दिये। विद्यालय परिवार ने डायरी और पेन देकर भानुप्रकाश का सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षक बी पदमा राजेश, एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके जैन, सीपी साहू, एचआर साहू, वायके सेन, एनआर साहू, आर पोर्ते, एनके साहू, एचके साहू एवं यशोदा साहू उपस्थित थे।

# यह छत्तीसगढ़ का पहला एम्फीथिएटर होगा : अजय

■ कुरुद में 381 लाख की लागत से बनने वाले एम्फीथिएटर का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

खुले रंगमंच के साथ युवाओं, कलाकारों और समग्र क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए एक नई दिशा प्रदान करने 381 लाख की लागत से बनने वाला एम्फीथिएटर के लिए कुरुद नगर के वार्ड क्रमांक 15 में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के बाजू में कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थानीय संस्कृति, कला और मनोरंजन के क्षेत्र में यह एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा।

कुरुद नगर में बनने वाले एम्फीथिएटर का भूमिपूजन मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर, पूर्व नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर ,पार्षद मनीष साहू, सांसद प्रतिनिधि मूलचंद सिन्हा, जिला पंचायत सीएओ रोमा श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य में हुआ। इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि इस मंच के बनने से कुरूद के कलाकारों और युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक नया अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें न केवल जिले बल्कि देश-विदेश में पहचान मिल सकेगी। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ का पहला एम्फीथिएटर करार दिया और कहा कि इससे पहले स्थानीय स्तर पर बड़े आयोजन के लिए कोई उचित मंच नहीं था, जो अब इस एम्फीथिएटर से पूरा हो जाएगा।




### कला और संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

भूमिपूजन अवसर पर अजय चंद्राकर ने समाज में बढ़ते नशे, अपराध और असंस्कारी गतिविधियों पर चिंता जताते हुए कहा कि इस तरह का सांस्कृतिक मंच युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन देने में सहायक होगा। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे इस परियोजना की गुणवत्ता और समय -सीमा पर विशेष ध्यान दें। मंच पर व्यवस्थित साउंड सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करें, क्योंकि अव्यवस्थित साउंड सिस्टम पर नाराजगी भी व्यक्त की गई। यह एम्फीथिएटर न केवल कला और संस्कृति को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए एक सकारात्मक और रचनात्मक वातावरण तैयार करेगा।

इस अवसर पर एसडीएम डीडी मंडावी, मालकराम साहू, हितेंद्र केला, हरि सोनवानी, तिलोक जैन, भोजराज चंद्राकर, इमरान बेग, चोवाराम साहू समेत स्थानीय नागरिकग उपस्थित थे।

# युवक की मौत के बाद किया नेत्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा



ग्राम सांकरा शक्तिपारा निवासी उत्तम कुमार साहू पिता नूनकरण साहू उम्र 37 वर्ष का स्वास्थ्य खराब के चलते अस्पताल में मंगलवार को निधन हो गया। घोषणा के मुताबिक उनके परिवार वालों ने डॉक्टर के समक्ष उत्तम कुमार साहू के नेत्र का दान किया। इस अवसर पर डॉ. डीके साहू समेत स्टाफ, परिवारजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# रायपुर दक्षिण में कांग्रेस के पक्ष में माहौल : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में अपने प्रभार क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं सिहावा विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम के साथ बैठक ली। विधायक श्री साहू ने कहा कि रायपुर दक्षिण में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन चुका है। विधायक ने जनसम्पर्क के दौरान कहा कि प्रदेश में पिछले 10 महीनों से अपराध बेलगाम है। रायपुर दक्षिण में बुनियादी सुविधाएं नहीं है जबकि भाजपा इसे अपना गढ़ कहती है। उस हिसाब से यह विकास शून्य है। रायपुर दक्षिण में आये दिन चाकूबाजी से लोगों की जान जा रही है। आगे कहा कि इस चुनाव में सामान्य घर के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा सामने हैं। भाजपा ने रिक्त पदों पर 57 हजार शिक्षकों की भर्ती करने का वादा किया था मगर यह वादा जुमला साबित हो रहा है। हर गरीब परिवार को 500 रू में गैस सिलेंडर देने की बात कही थी। जब से बीजेपी सरकार बनी है तबसे बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिससे प्रदेश की जनता परेशान है।



# राष्ट्र, समाज के विकास में युवाओं की अहम भूमिका : चंद्राकर

■ भेंडरा में महर्षि वेदव्यास कालेज की रासेयो इकाई का विशेष शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा के रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत भेंडरा में 4 से 10 नवंबर तक मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर आयोजित किया जा रहा है। डॉ.एलआर डोंगरे ने रासेयो इकाई को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थान भेंडरा की साफ सफाई की गई। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूके बनपेला अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज, विशिष्ट अतिथि हरीश चंद्राकर अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति, एनके साहू सेनि शिक्षक, कामताप्रसाद साहू सरपंच प्रतिनिधि, मनोज साहू पंच, नरेश साहू पंच, परमेश्वर साहू थे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे ने सात दिवसीय शिविर पर जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बनपेला ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र एवं उनके सिद्धांतों के बारे में स्वयंसेवकों को बताया। उन्होंने विवेकानंद के सिद्धांतों को अपने व्यवहारिक जीवन में आत्मसात करने की बात कही। हरीश चंद्राकर ने पौधरोपण का महत्व बताया। एनके साहू ने रासेयो के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र के विकास, समाज के विकास में अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कामताप्रसाद साहू ने शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।




## मातर में दिखी छग संस्कृति की झलक

**धमतरी।** दिवाली त्योहार के अंतिम दिन गांव गांव मातर उत्सव का आयोजन हुआ। पशुधन और लोगों की समृद्धि के लिए विशेष अनुष्ठान हुए। मातर में राउत नाचा, अखाड़चियों का करतब प्रदर्शन, डंगनी नाच सहित बैगाओं का अनुष्ठान विशेष आकर्षण था। धमतरी शहर के ग्रामीण परिवेश वाले वार्ड में रविवार को गोकुलपुर मड़ई का आयोजन किया गया।

पांच दिवसीय दीपावली त्योहार का समापन रविवार को मातर उत्सव के साथ हुआ। ग्राम भानपुरी में सुबह से ही कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया था। माता डिवहारिन को गोठान में स्थापित किया गया। इस दौरान कलशयात्रा भी निकाली गई। इसके बाद ठाकुर जोहार की रश्म हुई। जिसमें डांग डंगनी सहित ग्रामीणों को मातर उत्सव में शामिल होने का न्यौता दिया गया। ग्राम भटगांव में भी मातर उत्सव के दौरान अखाड़चियों ने कई हैरजअंगेज कारनामों का प्रदर्शन किया। कुम्हड़ा ढुलाई की रश्म निभाकर कुम्हड़ा को गोवंशियों के पैरों से तुड़ाया गया। इससे खिचड़ी बनाकर प्रसाद वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि अंचल में देमार, भानपुरी, भटगांव, कंडेल, देवपुर, कांशीपुरी सहित जिले के 50 से ज्यादा गांवों में मातर का आयोजन हुआ।

दो दिवसीय कार्यक्रम के बाद रूद्रेश्वर घाट में प्रतिमा का किया विसर्जन

# बंगाली समाज ने काली पूजा उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दीपावली के अवसर पर बंगाली समाज धमतरी के सदस्यों ने सामूहिक रूप से मां काली पूजा उत्सव मनाया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम कुम्हारपारा में हुआ।

समाज के पंडित शंकर आचार्य ने बताया कि दीपावली पर बंगाली समाज के सदस्य मां काली की पूजा करते हैं। विधि विधान से पूजा अर्चना करने पर मां काली समस्त दोष, दुखों को दूर करते हैं। 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक महिलाओं ने सिंदूर पूजा कर उत्सव मनाया। तीसरे दिन विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक गीतों के साथ भक्तों ने माता के जयकारे लगाए। इसके बाद रूद्री स्थित रूद्रेश्वर घाट में प्रतिमा का विसर्जन किया गया।



इस अवसर पर शंकर आचार्य, डाली आचार्य, संगीता सरकार, डा.प्रदीप पोद्दार, मानिक पोद्दार, विकास दत्ता, बृज दत्ता, संपा हाजरा, देबाशीष हाजरा, शुभांकर आचार्य, पिंकी आचार्य, जगदीश ब्रम्ह, सुभाष मलिक, तापरा बराली, अनीता दत्ता, बिराज दत्ता, कुल्टी दत्ता, बनानी पोद्दार, सुषेन राय, रीता राय, विश्वरंजन सरकार सहित समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### राजीव भवन में दीपावली मिलन आज

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर के द्वारा बुधवार की दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक राजीव भवन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने दी है।

### मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रवेश आवेदन 20 तक

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सभी वर्गों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण मॉड्यूलर एम्प्लाएबल स्किल (एमईएस) कोर्सेस के अंतर्गत सेल्फ एंप्लॉयड टेलर (वस्त्र सिलाई), कोसा धागाकरण एवं कोसा वस्त्र बुनाई ट्रेड में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण युवक-युवतियों से अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, कोसा केंद्र में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 20 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित है। अंचल के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।

### मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना शुरू

**दंतेवाड़ा।** शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल सीजी बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेरिट सूची में आने वाले छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान किया जाएगा। सभी पात्र छात्र 24 अक्टूबर से 20 नवंबर तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में पंजीयन, सत्यापन, और दावा, आपत्ति सहित पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी। छात्रों को योजना की आधिकारिक वेबसाइट स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट ईन पर जाकर अपना पंजीयन करना होगा। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य राज्य के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन प्रदान करना और उनकी उच्च शिक्षा में सहायता करना है।

### बड़े आमाबाल विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन

**बस्तर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े आमाबाल मे मंगलवार दोपहर कक्षा 11 वी और 12 वी के विद्यार्थियो को आदिवासी युवा छात्र संगठन बस्तर ब्लॉक एजुकेशन विंग प्रभारी ने स्कूल मे कक्षा 12 के बाद छात्र सही दिशा में बच्चे अपना करियर बना सकें इस उदेश्य से कैरियर मार्गदर्शन जानकारी दी।
प्रभारी मोतीराम कश्यप ने कहा सफलता हासिल करने के लिए जीवन में एक लक्ष्य बनाना होगा। कभी-कभी करियर चुनने को लेकर भ्रम हो सकता है लेकिन अनुभवी के मार्गदर्शन में हमें सही दिशा मिल सकती है। आज का युग वास्तव में प्रतिस्पर्धा का युग है। समय रहते अपने करियर को कैसे प्लान करें और कैसे आगे बढ़ें यह आज के समय की मांग है। हम जहां रहते हैं, इतना ही काफी नहीं है बल्कि अपने क्षेत्र, शहर, राज्य, देश, दुनिया की जानकारी होना भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। आप जो भी क्षेत्र चुनते हैं, उसमें अपना जी जान डालें, उस क्षेत्र के लिए आपके पास जो भी कौशल नहीं हैं, उन्हें विकसित करें और सफलता तक पहुंचने मे आसानी होगी।

आरोपियों ने वेस्टेज सरिया को पुराना आईटीआई के पास छिपाकर रखा था

# खुद की कम्पनी का सरिया चोरी कर कबाड़ी को बेचा, सुपरवाइजर समेत 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

खुद की कम्पनी के सरिया की चोरी कर कबाड़ी को बेचने के आरोप में पुलिस ने कंपनी के सुपरवाइजर सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस चोरी के मामले में कुरूद के कबाड़ी के पास 80,000 रूपये में बिक्री किया सरिया एवं 10,000 रुपये जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना कुरूद में धारा 306,3 (5),317(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

प्रार्थी अमित सिंह शालीमार कंपनी कैम्प अभनपुर मेलवाडीह जिला रायपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि बीते 28 अक्टूबर को



उमरदा के पास रखे शालीमार कंपनी का वेस्टेज सरिया वजन करीबन 3-4 टन को कंपनी के सुपरवाइजर सुनील प्रजापति के नेतृत्व में हाइवा वाहन कंमाक सी.जी.08 ए.बी 9577 में लोडकर अभनपुर कैम्प जाना था जो 30 अक्टूबर तक शालीमार कंपनी कैम्प अभनपुर नहीं पहुंचने से वाहन चालक एवं सुपरवाइजर से पूछताछ की गई। कंपनी के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर विकास कुमार पाण्डे एवं साइड इंजीनियर राहुल तिवारी के कहने पर कंपनी के हाइवा वाहन चालक बाबादेव दानी उर्फ पिन्टू के साथ मिलकर चरमुड़िया के सिद्वी गणेश राइस मिल ले जाना बताया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी सुनील प्रजापति, बाबादेव दानी, विकास कुमार पाण्डे, राहुल तिवारी सभी शालीमार कैम्प बारना से कड़ाई से पूछताछ करने पर कुरूद के कबाड़ी भोलू के पास 80,000 रू में बिक्री कर 10,000 नकदी देना बताया। आरोपियों के कब्जे से सरिया बिक्री की राशि 10,000 रूपये जब्त की गई एवं प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) का जोड़कर वेस्टेज सरिया खरीदी करने वाले आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर वेस्टेज सरिया को पुराना आईटीआई के पीछे छिपाकर रखना बताया। आरोपी की निशानदेही पर 3 क्विंटल कीमत 9,000 रूपये बरामद कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## पार्षद ने लिया आमातालाब घाट का जायजा

■ सनातन परंपरा, आस्था सबको एक सूत्र में बांधती है : मोटवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छठ महापर्व पर व्रती परिवार आमातालाब में सामूहिक पूजन करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने आमातालाब घाट की साफ सफाई करवाकर चूना मार्किंग, लाइट की व्यवस्था कराई है। व्यवस्थाओं का जायजा लेने पार्षद विजय मोटवानी, कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा घाटस्थल पहुंचे। इस अवसर पर पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि छठ पर्व ऊर्जा एवं शक्ति के स्त्रोत सूर्यदेव की पूजा करने का पर्व है। पूजा से सकारात्मक, एकजुटता, सम्भाव की प्रेरणा मिलती है। यह पर्व अब पूरे देश में आस्था, श्रद्धा से मनाया जा रहा है। यह हमें एकता के सूत्र में बांधता है। मौके पर रामकांत, सुनील यादव, राधे यादव, सुनील सोनी, पुष्कर ध्रुव, मोहन राव, दीनदयाल उपस्थित थे।

## वन मंत्री केदार कश्यप के जन्मदिन पर महारानी अस्पताल में रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर के माटी पुत्र और छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर केदार कश्यप यूथ फैंस के पदाधिकारी और समर्थकों ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में हवन किया और डिलमिली देवगुड़ी में पूजा अर्चना कर मंत्री के दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ जन्मदिन की शुरुआत की। तत्पश्चात यूथ फैंस ने महारानी अस्पताल में रक्तदान कर डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मरीजों को भोजन करवाया। ततपश्चात यूथ फैंस शिवानंद आश्रम जाकर वहां के स्वामी शिवदास सरस्वती सहित सभी बच्चों के साथ बैठकर दोपहर का भोजन कर धूम धाम से अपने चहीते मंत्री केदार कश्यप का जन्मदिन मनाया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा, रंजीता पाणीग्राही,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, महामंत्री मनोज पटेल, गौरव कश्यप, अमित रामटेके समेत अन्य युवा शामिल थे।

## गौ माता की पूजा से आती है सुख, समृद्धि : रोशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम लोहरसी में इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा हर्षोल्लास के साथ की गई। इस अवसर पर ललित यादव, उमेश यादव, केदार यादव, संतोष यादव ने कहा कि गौमाता को मां का दर्जा दिया गया है। जिस प्रकार एक मां अपनी संतान को हर सुख देना चाहती है, उसी प्रकार गौ माता सेवा करने वाले जातकों को अपने कोमल हृदय में स्थान देती है और उनकी हर मनोकामना पूरी करती है। गौ सेवा करने वाले व्यक्ति के जीवन में कभी कोई संकट नहीं आता। मौके पर वेदराम यादव, खेमलाल यादव, परमा यादव, मोहन यादव, टीकू यादव, पूजा यादव, अनुसुइया यादव, मीना यादव, कुबेर गंजीर, प्रेमलाल, मिथिलेश उपस्थित थे।

## धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाला आरोपी गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ चौकी करेली बड़ी पुलिस ने की कार्रवाई

ग्राम कुंडेल में लोहे का कतल लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को चौकी करेली बड़ी पुलिस ने जेल भेजा। पुलिस चौकी करेली बड़ी पेट्रोलिंग पर ग्राम कुण्डेल की ओर रवाना हुई थी। कुण्डेल के बस स्टैण्ड के पास पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुण्डेल के महावीर चौक के पास जिलेन्द्र ध्रुव लोहे का कतल लेकर आने -जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची। इस दौरान एक युवक दाहिने हाथ में लोहे के धारदार हथियार को हवा में लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डराते धमकाते मिला। घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जिलेन्द्र ध्रुव पिता भीमराम ध्रुव उम्र 22 वर्ष साकिन कुण्डेल चौकी करेलीबड़ी थाना मगरलोड जिला धमतरी बताया। उसके कब्जे से एक नग लोहे का कतल जैसा हथियार लंबाई लगभग 15 इंच को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरुद्ध चौकी



करेली बड़ी द्वारा धारा 25, 27 ऑर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया।

इस कार्रवाई में पुलिस चौकी करेलीबड़ी चौकी प्रभारी उनि अजय सिंह, सउनि तुलसीराम मिथलेश, प्रआर हेमंत उईके, आरक्षक यशवंत लहरी, रितेश साहू, मनोहर गायकवाड़, धनसाय साहू का विशेष योगदान रहा।

# दलदली में दीपावली मिलन समारोह गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

विकासखण्ड नरहरपुर के सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम दलदली में दीपावली मिलन समारोह एवं गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहांड़ा देव में खिचड़ी खिलाकर एवं बाजे गाजे के साथ कलश शोभा यात्रा समस्त ग्राम वासियों के साथ प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा मांदरी नाचा और राउत नाचा की आकर्षक नृत्य के साथ संपन्न हुआ। शाम को ग्राम के अधिकारी व कर्मचारी का सम्मान और उत्कृष्ठ मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत नरहरपुर किशोर भास्कर तथा विशेष अतिथि रामेश्वर सिंह यादव वन परिक्षेत्र अधिकारी फरसगांव, बबली साहू पर्यवेक्षक महिला बाल विकास विभाग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीना नेताम सरपंच ग्राम पंचायत दलदली ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम के युवक युवतियों को एक साथ मिलकर रहने और अच्छे शिक्षा और जीवन जीने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में तैयारी कर रहे बच्चों को प्रेरित करने के लिए अधिकारी कर्मचारी वर्ग ने खूब प्रेरणा दी। साथ ही ग्राम विकास में अपनी योगदान हमेशा देने के लिए कहा। कार्यक्रम में उप सरपंच सुदामा यादव ने कहा कि साल भर के व्यस्तम जीवन में एक बार ही अधिकारी व कर्मचारी दीपावली के अवसर पर घर आते हैं। यह कार्यक्रम उनके आपस में मिलन के साथ ग्राम के समस्त लोगों के साथ मिलन की पवित्र बेला होना बताया। मिलन समारोह के तुरंत बाद ग्राम के बच्चों द्वारा रात्रिकालीन रिकॉर्डिंग डांस किया गया। कार्यक्रम में रीना नेताम सरपंच दलदली, सियाराम मरकाम ग्राम पटेल, आजेश भास्कर ग्रामसभा अध्यक्ष, मनेश भास्कर गोंडवाना समाज अध्यक्ष, देवेंद्र साहू समाज प्रमुख, रामेश्वर यादव




अध्यक्ष ग्रामीण यादव समाज, अजय नेताम अध्यक्ष स्कूलपारा समिति, घासिया राम कोर्राम, मनीषा कुंजाम, धनिष्ठा भास्कर, नेहा भास्कर, चंद्रप्रकाश साहू, घनश्याम नाग, सन्मूख यादव, शिवानी रेखराज यादव, समिता नेताम, फतेसिंह नेताम, सतेसिंह नेताम, मंजुलता यादव, अनुपा यादव, देवप्रकाश यादव, संतोष भास्कर, अशोक यादव, विजय कोर्राम, अनिल यादव, कन्हैयालाल निषाद, नरेश साहू, शुकलाल सलाम, जगदेवराम नेताम, शिवलाल यादव, चरण नाग, कैलाश यादव,गयादास मानिकपुरी, महेश कुंजाम, मनोज नेताम, हरिशंकर यादव,सेवक मरकाम, दिनेश यादव, रामस्वरूप नेताम, आशुलाल कोर्राम, जगर सिंह यादव, भुनेश्वर यादव, फूलसिंह यादव, कुमारी बाई भास्कर, जगनतीन यादव, रविकिरण नेताम, लवकुमार यादव, कामेश्वरी मरकाम, सविता यादव, पुष्पा कुंजाम, अनूपा कोर्राम, आरजू यादव, ज्योति हरिशंकर यादव, दीपाली यादव, कनेश्वरी नेताम, सरतुराम यादव ग्राम के समस्त महिला, पुरुष व बच्चों की उपस्थिति रही।

## निवारण शिविर के लंबित आवेदनों पर करें त्वरित कार्यवाही : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन एवं जनसमस्या निवारण शिविर की लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि शिविर में आए मांगों एवं आवेदनों पर 14 दिवस के भीतर निराकरण करना सुनिश्चित करें। चूंकि यह सभी मांग एवं आवेदन जनहित से जुड़े हुए है अतः इसमें किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन के तहत प्रस्तुत किए गए आवेदनों के लिए संबंधित विभागों को इसके औचित्य की जानकारी चाही तथा इसका आकलन परीक्षण प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा निश्चित किया। इन प्रकरणों में ग्राम हिरानार, बिंजाम एवं फरसपाल, में सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत हारम में शालेय संबंधित शौचालय, रनिंग वाटर, शाला भवन की मांग, ग्राम पंचायत कुपेर एवं बरसापारा में सीसी रोड की मांग, ग्राम चितालंका में सड़क की जर्जर स्थिति, ब्लॉक कुआकोंडा अंतर्गत ग्राम कोड़ेनार में फॉरेस्ट कॉलोनी मेन रोड से लगी हुई सीढ़ी की मरम्मत, नेरली में पीने के पानी एवं हेडपंप की मांग, किरंदुल रेलवे एरिया में जीर्ण शीर्ण पुलिया का जीर्णोद्धार, बचेली नगर पालिका अन्तर्गत वार्ड क्र.-1 वोटीपारा में स्ट्रीट लाइट की समस्या, नाली निर्माण पेड़ और झाड़ियों की कटाई, ब्लॉक कटेकल्याण अन्तर्गत पटेलपारा से पुजारी पारा, सुरनार, में विभिन्न प्रकार के कार्य स्वीकृति, गीदम अन्तर्गत कदम टिकरापारा में नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने, दन्तेवाड़ा ब्लॉक अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न रिक्त पद जैसे स्टॉफ नर्स, फार्मसिस्ट में नियुक्ति, कृषि विभाग से संबंधित ग्राम गामावाड़ा में नियद नेल्लानार योजना के तहत बोर खनन, एवं जाली तार बाड़ी कराने जैसे विभिन्न प्रकार के प्रकरणों पर कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिषा निर्देष दिए गए।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## बस्तर ओलंपिक में विकासखंड स्तर पर होंगे खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत प्रथम चरण की खेल प्रतियोगिता विकासखंड स्तर से प्रारंभ होगी, विकासखंड स्तर पर प्रत्येक पंचायत के खिलाड़ी जिन्होंने अपना पंजीयन कराया है शामिल हो सकेंगे, विकासखंड स्तर पर प्रत्येक 10 से 12 पंचायतों का समूह बनाकर प्रतिदिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 10 से 12 पंचायतों में जो खिलाड़ी विजेता अथवा प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे, वह अगले राउंड में प्रवेश करेंगे, जो सेमीफाइनल राउंड होगा। विकासखंडों में लगातार चार से पांच दिनों तक प्रतियोगिताएं संपन्न होगी और विजेता खिलाड़ी-टीम अगले राउंड सेमीफाइनल और फिर फाइनल में प्रवेश करेंगे, फाइनल के विजेता अपने विकासखंड से जिला स्तर पर भाग लेंगे। उपरोक्तानुसार विकासखंड स्तरीय आयोजन के लिए सीईओ जनपद पंचायत को इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीकृत सभी खिलाड़ी अपने पंचायत के सचिव, सरपंच, पीटीआई या जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पंचायत के नोडल या प्रभारी अधिकारी से संपर्क कर विकासखंड स्तर पर अपनी पंचायत या नगरीय निकाय का मैच किस तिथि को है, पता कर उस तिथि में विकासखंड स्तर पर भाग ले सकेंगे। सभी सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है। किस तिथि में किस पंचायत को विकासखंड स्तर पर खेलने आना है, निर्धारण कर संबधित पंचायतों को, सचिव के माध्यम से अवगत कराएं।

### प्रतियोगिता आज से

6 से 12 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान बकावण्ड, बास्तानार में 6 से 9 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिनी स्टेडियम किलेपाल, दरभा में 7 से 12 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांझीगुड़ा छिंदपाल, 7 से 11 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान तोकापाल और लोहण्डीगुड़ा में 7 से 11 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान उसरीबेड़ा में 8 से 12 नवम्बर तक लालबहादुर शास्त्री मैदान बस्तर, जगदलपुर के अंतर्गत 9 से 14 नवम्बर तक मिनी स्टेडियम बिलोरी में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बस्तर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21-22 नवम्बर को क्रीड़ा परिसर धरमपुरा, इंदिरा प्रियदर्शनिय स्टेडियम और खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षण केंद्र पंडरीपानी में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## प्रदत्त उपकरण से दिव्यांगजन हो रहे लाभान्वित

**दंतेवाड़ा।** कुछ वर्ष पूर्व वरिष्ठ एवं दिव्यांगजनों के लिए अपनी दैनिक जीवन की विभिन्न गतिविधियों के निर्वहन के लिए दूसरों पर निर्भर रहना एक नियति थी। परन्तु आधुनिक चिकित्सा के दौर में दिव्यांगों हेतु अब ऐसे उपकरण उपलब्ध है जिनसे वरिष्ठ एवं दिव्यांगजनों की दिनचर्या पहले से अधिक सुगम हो गई है। इस क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा विगत अप्रैल से अक्टूबर 2024 तक 1278 निःशक्तजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदाय योजना के तहत विभिन्न प्रकार के उपकरण निशुल्क प्रदाय किया गया। इन जरूरतमंद हितग्राहियों को जनपद पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के माध्यम से चिन्हित किया गया था। ज्ञात हो कि इन उपकरणों में बैटरी चलित ट्रायसायकल, सामान्य ट्रायसायकल, श्रवण यंत्र, बैसाखी, एल्बो स्टिक, वॉकर, ब्लाइंड स्टिक, कृत्रिम पैर एवं हाथ, कैलीपर्स, सामान्य छड़ी, व्हीलचेयर, जैस उपकरण प्रमुख है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विद्युत कर्मचारी पेंशनर संघ की बैठक 8 को

**धमतरी।** विद्युत कर्मचारी पेंशनर संघ के सचिव ओमनलाल साहू ने बताया कि पेंशनर संघ की बैठक 8 नवंबर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे पावर हाउस धमतरी में रखी गई है। बैठक में पेंशनरों का का जीवित फार्म भरवाया जाएगा। अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास किया जाएगा। ई-मेल आईडी के साथ आने का अनुरोध किया गया है।

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नवागांव में पुराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर प्रार्थी गोविंद कुमार नवागांव ने बताया कि पूर्व में धान फसल को गाय, बैल द्वारा चरने के विवाद को लेकर आए दिन भूपेंद्र ध्रुव के द्वारा उसके पिता बनउराम साहू को गाली और जान से मारने की धमकी दिया जाता है। 4 नवंबर को लगभग शाम 5 बजे मेरे पिता घर से निकल कर खेत की ओर जा रहे थे। तभी गांव के स्कुल के सामने आरोपी भूपेंद्र ध्रुव ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डंडे एवं हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में खल्लारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दो युवकों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने एक युवक द्वारा अलग-अलग समय में दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 17 निवासी रिंकू बंजारा 4 नवंबर की शाम 5 बजे अपने दोस्तों के साथ सिटी सिनेमा के पास खड़ा था। उसी समय इब्राहिम खान उर्फ इब्बू खान आया, जिसे प्रार्थी ने कहा कि मेरी शारीरिक परेशानी के बारे में सभी लोगों को क्यों बताता है। ऐसा बोलने पर आरोपी इब्राहिम खान ने गाली गलौज करते हुए रोड में पड़े पत्थर के टुकड़े को उठा कर प्रार्थी के सिर में मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद प्रार्थी व उसके सभी दोस्त जनपद चौक बसना के पास चले गए। जहां से सचिन राणा अपनी से अकेले दानी पेट्रोल पंप जाने के लिए निकला था। जिसके साथ आरोपी इब्राहिम खान ने सिटी सिनेमा के पास गाली गलौज करते हुए किसी नुकीली वस्तु से चोट पहुंचाया। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आवेदन देने जा रहे शख्स से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डोंगरीपाली में धान उपार्जन खोलने की मांग को लेकर एसडीएम पिथौरा को आवेदन देने जा रहे शख्स के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट की तथा आवेदन को फाड़ दिया। पुलिस को अमर सिंह ग्राम डोंगरीपाली ने बताया कि गांव में धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा को आवेदन देने के लिए सुबह करीब 8 बजे जा रहा था, तभी ग्राम छोटेलोरम की बीच गली में आरोपी उत्तर कुमार बरिहा के द्वारा आवेदन को फाड़कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी का असफल प्रयास

**महासमुंद।** पिथौरा बस स्टैंड के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। पिथौरा थाने में एफआईआर में टीएसआई कंपनी ( ट्रांजेक्शन सॉल्यूशन इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) के जिला कार्यवाहक व प्रार्थी रूपेंद्र कुमार साहू पिता बीरेंद्र साहू (36 वर्ष) ने बताया कि महासमुंद जिले के 9 एटीएम की देखरेख की जिम्मेदारी उसे दी गई है। 3 नवंबर की रात्रि में करीब 2 बजे से 2.45 के मध्य कुछ अज्ञात लोगों द्वारा पिथौरा बस स्टैंड के पास स्थित एसबीआई में तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया गया।

---

व्रती महिलाओं ने दाल-चावल, कद्दू-लौकी से बना सात्विक भोजन ग्रहण किया

# नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व की हुई शुरूआत







### आज होगा खरना

छठ महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को खरना होगा। छठ महापर्व में खरना का विशेष महत्व है। इस दिन व्रती परिवार विशेष प्रसाद बनाते हैं। इसी दिन शाम से 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हो जाता है। खरना के बाद व्रती महिलाएं जमीन पर सोती हैं। पूरी तरह सात्विक रहती हैं। व्रती महिलाएं लकड़ी से चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाती हैं।

**पवित्रता और शुद्धता का ध्यान**

व्रती परिवारों ने बताया कि सात्विक भोजन ग्रहण के साथ इनको बनाने के समय शुद्धता और पवित्रता का ध्यान रखा जाता है। अनाज और सब्जी को साफ पानी से धोकर भोजन तैयार किया जाता है। इस दौरान साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा जाता है। लहसुन, प्याज का सेवन वर्जित है। स्नान के बाद ही साफ सुथरी जगहों पर भोजन बनाया जाता है। भोजन में सेंधा नमक का इस्तेमाल होता है। पूरी आस्था और निष्ठा से छठी मईया के गीत गाये जाते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गई। व्रती महिलाओं एवं उनके परिवारों ने तालाब, सरोवर, नदी में स्नान, ध्यान के बाद सूर्य की पूजा की। इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण किया। भोजन में चावल, दाल, लौकी आदि का सात्विक आहार बनाया गया था।

व्रती परिवार विनोद चौधरी, अमलेश झा, संतोष तिवारी, कृष्णा यादव, रामप्रवेश पासवान, अनामिका चौधरी, विवेक चौधरी, सुधीरकांत सिन्हा, रामभवन कुशवाहा ने बताया कि कार्तिक शुक्ल की चतुर्थी तिथि से नहाय खाय की शुरूआत होती है।

यह व्रत संतान की प्राप्ति व सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है। इस पर्व में भगवान सूर्य और छठी मईया का पूजन करने का विधान है।

इसके बाद खरना होता है। तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। इसके बाद छठ पूजा का समापन होता है। व्रती महिलाएं खरना पूजा के बाद लगातार 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखती हैं।

---

# आमदी-कुर्रा में मातर पर हुए कई कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पंचायत आमदी के सुभाष चौक में भाई दूज ( मातर ) का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में धमतरी विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भगवान रामचंद्र व भारतमाता के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की। गांव में मातर के उपलक्ष्य में आयोजित सैनिक सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सुभाष चौक में बच्चों के लिए खेल व रंगोली प्रतियोगिता रखी गई। नगर पंचायत आमदी व ग्राम के कुर्रा मातर कार्यक्रम में यादव समाजजनों ने गांव के सहाड़ा चौक में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर गौ माता की पूजा - अर्चना की गई। कुर्रा में अखाड़ा का आयोजन हुआ। मौके पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि अखाड़ा खेलने से शरीर तंदरुस्त रहता है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। अखाड़ा सीखकर हम सामूहिक युद्ध लड़कर अपनी सुरक्षा कर सकते हैं।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला, उपाध्यक्ष तेजराम साहू, श्यामलाल साहू, लक्ष्मी, जितेंद्र पटेल पार्षद, जागेश्वर साहू, उमेंद्र साहू, कुबेर साहू, रंजीत साहू, तुकाराम पटेल, राधेश्याम यादव, भैयालाल यादव, मधु देवांगन, भुनेश्वरी यादव, कांति यादव, जानकी यादव, गिरिजा यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

---

# भटगांव के मातर महोत्सव में शामिल हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- मातर मड़ई छत्तीसगढ़ की संस्कृति : उमेश





दिवाली मनाने के बाद अधिकांश गांवों में मातर मड़ई मनाने की परंपरा है। भटगांव के मातर मड़ई में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के त्योहारों में आपसी प्रेम, संस्कृति की झलक दिखती है। इसके माध्यम से रिश्तेदार, मित्र, संबंधियों से मुलाकात होती है। ऐसे आयोजन से परिवार के भीतर आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता बनी रहती है। इस दौरान ग्रामवासियों ने रामू रोहरा को विकास कार्य संबंधित आवेदन भी दिए।

अध्यक्षता कर रहे गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अनेक कला और संस्कृतियों का समागम समय-समय पर होते रहता है। मातर महोत्सव से एकता की भावना प्रदर्शित होती है। गांव में प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन भी होता है। आज के दौर में हम सभी अपने कार्यों में व्यस्त रहते हैं। इस व्यस्त जीवन से कुछ समय हमें अपने घर परिवार के साथ बिताना चाहिए। आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति से परिचय कराना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवनलाल मराई, नेहरू सेन, भुनेश्वर साहू, भुवनेश्वर ध्रुव समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# भोलाराम को मिलेगा चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धमतरी जिले के एक युवा पत्रकार भोलाराम सिन्हा ने अपनी लेखनी के दम पर पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। वे वर्तमान में राजधानी रायपुर में अपनी सेवा दे रहे हैं।

पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार के जनसंपर्क विभाग की ओर से दिए जाने वाले चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार 2024 (प्रिंट मीडिया) से सम्मानित जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर स्थित राज्योत्सव स्थल पर 6 नवंबर को आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मौजूद रहेंगे।

ज्ञात हो कि धमतरी जिले के ग्राम बोरसी में एक किसान परिवार में जन्मे श्री सिन्हा बीते 24 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। इस दौरान वे कई समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। श्री सिन्हा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गृहग्राम बोरसी के शासकीय स्कूल में ग्रहण की।

इसके बाद कक्षा बारहवीं गवर्नमेंट स्कूल धमतरी, बीए व एमए बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी तथा बीजेएमसी (पत्रकारिता) महंत कॉलेज रायपुर व विधि स्नातक की पढ़ाई छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर में पूरी की।

---

# अधिकारी नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाएं : गोयल

## आयुक्त ने किया सभी विभागों का निरीक्षण, प्रशासनिक सुधार के लिए दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने निगम कार्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निगम के कार्यों की समीक्षा की। कर्मचारियों से बातचीत की और प्रशासनिक सुधारों के लिए कुछ जरूरी निर्देश दिए। आयुक्त प्रिया गोयल ने नगर निगम के विभिन्न विभागों के कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित तरीके से करने की बात की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विभाग को अपनी कार्यशैली में सुधार लाने की आवश्यकता है ताकि नागरिकों को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें। इस दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा, लेखापाल नोरज देवांगन, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा उपस्थित थे।

### कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार

आयुक्त ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी ध्यान दिया और उनके कार्य के प्रति निष्ठा और समर्पण को बढ़ावा देने की बात की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे अपने कार्य को और अधिक प्रभावी तरीके से कर सकें। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने कार्यों में समय की पाबंदी रखें और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को बढ़ावा देने के लिए उनकी उपलब्धियों को भी सराहा जाए।

### वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शिता

आयुक्त ने नगर निगम के वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने निगम के राजस्व संग्रहण और व्यय के सही तरीके से प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। आयुक्त ने कहा कि बजट के हर एक रुपए का सही तरीके से उपयोग होना चाहिए।

### जनता से संवाद और शिकायतों का निवारण

आयुक्त ने कहा कि नगर निगम की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता के साथ समन्वय बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाएं। आयुक्त ने शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

### सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान

नगर निगम की सफाई व्यवस्था को सुधारने की दिशा में आयुक्त ने विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शहर की सफाई, कचरा प्रबंधन और सड़क किनारे सफाई कार्यों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये। आयुक्त गोयल ने कहा कि सफाई व्यवस्था में कोई भी कमी नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह नागरिकों के स्वास्थ्य और शहर की सुंदरता से जुड़ा हुआ है।

### नगर निगम की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन

आयुक्त प्रिया गोयल ने नगर निगम की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर निगम द्वारा निर्धारित योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को उनका लाभ मिल सके।

### डिजिटल प्रणाली का अधिक उपयोग

आयुक्त ने नगर निगम के कार्यों में डिजिटल प्रणाली के उपयोग को बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल प्रशासन की कार्यप्रणाली को सरल और प्रभावी बना सकता है। इसलिए निगम कार्यालय में आने वाली नागरिक शिकायतों का निवारण ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाए, जिससे पारदर्शिता और दक्षता में सुधार हो।

### समय पर निरीक्षण और कार्यों की रिपोर्टिंग

आयुक्त ने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण करें और उनकी रिपोर्टिंग समयबद्ध तरीके से करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्यों की निगरानी करनी चाहिए, ताकि किसी भी समस्या का समाधान पहले से हो सके।

---

### स्पर्श ग्रुप ने कपड़ों का किया वितरण

**धमतरी।** महालक्ष्मी इनक्लेव के सामने नेकी की कुटिया में 29 अक्टूबर को स्पर्श ग्रुप परिवार द्वारा प्राप्त कपड़ों का निःशुल्क वितरण किया गया। सभी उम्र के कपड़े, गर्म कपड़े, साड़ियां, ब्लैंकेट, बेड शीट, पर्दे, सोफा कवर का वितरण किया गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

---

रींवागहन के दीपावली मिलन व सम्मान समारोह में शामिल हुईं जिपं सभापति

# दीपावली अंधकार पर प्रकाश की जीत का पर्व : कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आदिवासी ध्रुव समाज रींवागहन द्वारा दीपावली मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वन सभापति जिला पंचायत श्रीमती कविता योगेश बाबर थीं। अपने उद्बोधन में श्रीमती बाबर ने कहा कि दीपावली हिंदू धर्म का यह सबसे बड़ा पर्व है। त्रेता युग में प्रभु रामचंद्र लंका पर विजय प्राप्ति के पश्चात वापस अयोध्या आये थे तब अयोध्यावासियों ने घर -घर दीये जलाकर प्रभु रामजी का स्वागत किया था। तब से इस दिन को दीपावली पर्व के नाम से मनाया जाता है। इसे प्रकाश का पर्व भी कहा जाता है। श्रीमती बाबर से विगत दिनों समाजजनों ने आदिवासी भवन में फ़्लोरिंग व टाइल्स फिटिंग कार्य की मांग की थी। राशि स्वीकृत होने पर कार्य पूर्ण कर लिया गया जिसका लोकार्पण हुआ। इस दौरान समाजजनों ने श्रीमती बाबर को स्मृति चिन्ह व शाल, श्रीफल से सम्मानित किया। मौके पर सरपंच कमलेश्वर ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष माखन लाल ध्रुव, हुलार सिंह कोर्राम, धर्मेंद्र नेताम, बलराम नेताम, महिला अध्यक्ष रेवती बाई ध्रुव, देवबती कोर्राम, हेमलता नेताम, रुक्मणि ध्रुव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर



8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411